| 1 | उत्तर प्रदेश | 15.0 | 39.7 | +24.7 | भाजपा का मुख्यमंत्री |
| 2 | उत्तराखंड | 33.1 | 46.5 | +13.4 | भाजपा का मुख्यमंत्री |
| 3 | मणिपुर | 2.1 | 36.3 | +34.2 | भाजपा का मुख्यमंत्री |
| 4 | गोवा | 34.7 | 32.2 | -2.5 | भाजपा का मुख्यमंत्री |
| 5 | हरियाणा | 9.0 | 33.2 | +24.2 | भाजपा का मुख्यमंत्री |
| 6 | असम | 11.5 | 29.5 | +18 | भाजपा का मुख्यमंत्री |
| 7 | महाराष्ट्र | 12.2 | 27.8 | +15.6 | भाजपा का मुख्यमंत्री |
| 8 | झारखण्ड | 20.2 | 31.3 | +11.1 | भाजपा का मुख्यमंत्री |
| 9 | जम्मू एवं कश्मीर | 12.5 | 23.0 | +10.5 | भाजपा का उपमुख्यमंत्री |
| 10 | केरल | 6 | 10.5 | +4.5 | भाजपा का 1 विधायक |
| 11 | पश्चिम बंगाल | 4.1 | 10.2 | +6.1 | भाजपा के 3 विधायक |
| 12 | तमिलनाडु | 2.2 | 2.8 | +0.6 | भाजपा हारी |
| 13 | पुडुचेरी | 1.3 | 2.4 | +1.1 | भाजपा हारी |
| 14 | दिल्ली | 33.3 | 32.3 | -1.0 | भाजपा हारी (मत संख्या में वृद्धि) |
| 15 | बिहार | 16.5 | 24.4 | +7.9 | भाजपा हारी |
| 16 | पंजाब | 7.2 | 5.4 | -1.8 | भाजपा गठबंधन की हार |



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# चुनावों में प्रदर्शन

## स्थानीय चुनाव

- **महाराष्ट्र स्थानीय चुनावों में** 10 महापलिकाओं में से 8 महापलिकाओं पर भाजपा का मेयर, जिला पंचायत चुनावों में भाजपा को सबसे ज्यादा 401 सीटे, 25 जिला पंचायतों में से भाजपा के 10 जिलाध्यक्ष और 5 उपाध्यक्ष ।
- **ओडिशा :** पंचायत चुनावों में भाजपा को अभूतपूर्व जीत मिली है । 30 जिला पंचायतो में 8 जिला पंचायतों में भाजपा ने बहुमत प्राप्त किया है । कुल 849 में से 306 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है, 2012 में भाजपा को सिर्फ 36 सीटें मिली थी ।
- इसके अलावा **मध्य प्रदेश, चंडीगढ़, गुजरात, छत्तीसगढ़, लेह-लद्दाख, अंडमान-निकोबार, असम और लक्ष्यद्वीप** में हुए स्थानीय चुनावों में पार्टी की विजय हुई ।
- **केरल और त्रिपुरा** में पार्टी ने इतिहास रचते हुए भारी सफलता पाई।
- इन स्थानीय चुनावों में स्वयं एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पार्टी का नेतृत्व किया।

# संलग्नक

## विभागों एवं विकल्पों की विस्तृत रूप रेखा और कार्ययोजना

केन्द्रीय संगठन में कुल 19 विभागों के कार्यों की संरचना का पुनर्गठन किया गया। केंद्र के अलावा प्रदेश स्तर पर सभी कार्य करेंगे और आवश्यकतानुसार जिला स्तर पर भी कार्य करेंगे।



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# पार्टी के विभिन्न विभागों की कार्ययोजना का पुनर्गठन

- विभिन्न स्तरों पर पार्टी कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर पर विभिन्न विभागों एवं प्रकल्पों का पुनर्गठन करके उनके कार्यक्रमों का विस्तार किया।

- इस क्रम में पार्टी के विभिन्न विभागों को **19 विभागों** में पुनर्गठित किया और **10 नए प्रकल्प** बनाये।

| केंद्रीय विभाग | |
|---|---|
| 1 | सुशासन तथा केंद्र - राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग |
| 2 | नीति विषयक शोध विभाग |
| 3 | मीडिया विभाग |
| 4 | मीडिया संपर्क विभाग |
| 5 | प्रशिक्षण विभाग |
| 6 | राजनैतिक प्रतिपुष्टि और प्रतिक्रिया विभाग |
| 7 | राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठकें विभाग |
| 8 | डॉक्यूमेंटेशन एवं ग्रंथालय विभाग |
| 9 | सहयोग, आपदीय राहत व सेवाएं विभाग |
| 10 | अध्यक्षीय कार्यालय, प्रवास एवं कार्यक्रम विभाग |
| 11 | प्रचार – साहित्य निर्माण विभाग |
| 12 | ट्रस्ट समन्वय विभाग |
| 13 | चुनाव प्रबंधन विभाग |
| 14 | चुनाव आयोग संपर्क विभाग |
| 15 | कानूनी और विधिक विषय विभाग |
| 16 | पार्टी पत्रिकाएं तथा प्रकाशन विभाग |
| 17 | आईटी, वेबसाईट और सोशल मीडिया प्रबंधन विभाग |
| 18 | विदेश संपर्क विभाग |
| 19 | आजीवन सहयोग निधि विभाग |

# सुशासन तथा केंद्र राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग

- केंद्र तथा भाजपा शासित राज्यों के विशिष्ट विभागों के मंत्रियों के सम्मेलन आयोजित करना तथा इन सम्मेलनों में समविचारी संगठनों का सहभाग सुनिश्चित करना।
- इन सम्मेलनों के माध्यम से पार्टी की विशिष्ट विषय-संबंधित नीतियों, कार्यक्रम तथा योजनाओं में आवश्यक समन्वय बिठाना।
- पार्टी के किसी एक राज्य में सफल योजना का अन्य राज्यों में क्रियान्वयन को प्रोत्साहन देना।
- पार्टी की सरकारों के अच्छे कामों को रिसर्च और डॉक्यूमेंटेशन के माध्यम से प्रसिद्धि दिलवाना।
- सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों के बारे में समाचार पत्रों तथा शोध पत्रिकाओं में चलने वाली नकारात्मक मुद्दों की चर्चा का (लेख और अन्य सामग्री) डॉक्युमेंटेशन।



भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक, नई दिल्ली, 07 दिसंबर 2014




भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक, नई दिल्ली, 15 जुलाई 2015

# नीति विषयक शोध विभाग

- पार्टी की सरकारों के लिए उपयोगी नीति विषयक शोध हाथ में लेना और दस्तावेज बनाना।
- पार्टी की विभिन्न सरकारों की नीतियों के अंदर समानताएं तथा असमानताएं उजागर करते हुए शोध के माध्यम से तथ्यों का विश्लेषण करना।
- पार्टी की विचारधारा के आधार पर कुछ महत्वपूर्ण विषयों के लिए व्यापक और शोध आधारित नीति पत्र (Policy document) तैयार करना।
- पार्टी के लिए विभिन्न चुनाव घोषणा पत्रों या विजन डॉक्यूमेंट्स बनाने के लिए आवश्यक शोध संबंधी सहायता उपलब्ध कराना।
- देश/प्रदेशों के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों का संकलन तथा उनके बारे में शोध और तुलनात्मक अध्ययन।



भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक, बंगलुरू, 03 अप्रैल 2015




नीति विषयक शोध पत्र प्रकाशित करते हुए, नई दिल्ली, 22 मई 2015

# मीडिया विभाग

- नित्य और प्रासंगिक प्रेस वार्ताओं का संपूर्ण दायित्व (पूर्व तैयारी, प्रेस नोट बनाना और कवरेज सुनिश्चित करना)।
- आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर पार्टी के नेताओं की प्रतिक्रियाएं मीडिया में प्रकाशित हों, यह सुनिश्चित करना।
- समाचार पत्रों तथा चैनलों में जिन विषयों की चर्चा चल रही है, उसे अपने अनुकूल बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना (जैसे कि वार्ता बिंदु / पृष्ठभूमि सामग्री तैयार कर वितरण कराना)।
- मीडिया मॉनिटर बनवाना और उसका वितरण करवाना।
- चैनलों में चर्चा के लिए कौन कहां जाए और अनुचित व्यक्ति न जाए यह सुनिश्चित करना।
- चैनलों में हो रही चर्चा में कुछ गलत बातें होती हैं तो संबंधित व्यक्ति से पूछ-तांछ करना।
- नीति विषयक शोध विभाग के साथ नित्य संपर्क, समन्वय और आपसी तालमेल।
- सरकार तथा पार्टी के विषय में सकारात्मक भूमिका रखने वाले स्तंभलेख तैयार करवाना और उन्हें प्रकाशित करवाना।



सर्जिकल स्ट्राइक पर मोदी सरकार और भारतीय सेना को प्रेस वार्ता के माध्यम से बधाई देते हुए, भाजपा मुख्यालय, 07 अक्टूबर 2016



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# मीडिया संपर्क विभाग

- सभी पत्र-पत्रिकाएं और संपादकों के साथ नित्य संवाद और संपर्क की व्यवस्था तैयार करना।
- संपादकों के साथ संवाद के माध्यम से भ्रांतियां दूर करना, सही जानकारी पहुंचाना और विषय के लिए आवश्यक नेताओं के साथ उनका संपर्क स्थापित करवा देना।
- संपादकों, स्तंभकारों तथा चैनल्स पर जाने वाले समविचारी व्यक्तियों को पार्टी की नीतियों, कार्यक्रम तथा सरकार की पहल के बारे में समय-समय पर अवगत कराना।
- पार्टी की विचारधारा के बारे में संपादकों तथा स्तंभकारों के अंदर सही समझ निर्माण करना।
- पार्टी के विषय में गलत धारणाओं पर आधारित समाचार या पाठकों के पत्र या संपादकीय टिप्पणी इत्यादि को बारीकी से संज्ञान में लेना तथा पार्टी के द्वारा इन गलत बातों का खंडन करने वाले पत्र भिजवाने की स्थाई व्यवस्था निर्माण करना।
- सरकार तथा पार्टी के विषय में सकारात्मक लेखन करने वाले स्तंभकारों तथा लेखक-विचारकों को चिन्हित करते हुए उनसे संपर्क स्थापित करना।


इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संपादकों एवं वरिष्ठ पत्रकारों के साथ संवाद करते हुए, नई दिल्ली, 26 मई 2016


प्रिंट मीडिया के संपादकों एवं वरिष्ठ पत्रकारों के साथ संवाद करते हुए, नई दिल्ली, 25 मई 2016

# प्रशिक्षण विभाग

- सभी स्तरों पर (मंडल, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय) कार्यकर्ता प्रशिक्षण के लिए योजना बनाना तथा पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना।
- सभी स्तरों पर जन-प्रतिनिधि के प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना तथा नगर पार्षदों, महापौर विधायकों और सांसदों के प्रशिक्षण की योजना बनाते हुए क्रियान्वयन करना।
- हर स्तर पर प्रशिक्षण के लिए उपयोगी ऑडियो-विजुअल सामग्री बनवाना तथा महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्रों का ऑडियों-विजुअल डॉक्यूमेंटेशन करवाना।
- प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने के संदर्भ में प्रदेश इकाईयों को सभी आवश्यक सहयोग देना।
- अन्य विचारधाराओं वाले राजनीतिक दलों की प्रशिक्षण सामग्री संकलित करना तथा उसका अध्ययन करना।




उद्बोधन, नई दिल्ली, 2 जुलाई 2016

# राजनैतिक प्रतिपुष्टि और प्रतिक्रिया विभाग

- राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रखते हुए व्यूहात्मक (Strategic) सोच बनाना।
- मीडिया में उछाले जाने वाले नकारात्मक विषयों के बारे में पार्टी की प्रतिक्रिया (क्या बोलना, क्या नहीं बोलना/नए कार्यक्रम, धरना प्रदर्शन इत्यादि) के बारे में साझी सोच का निर्माण करना।
- मौके पर जा कर स्थिति का आवश्यकता के अनुसार आंकलन बनाना।
- रणनीतिक सोच बनाते हुए विपक्ष के संदर्भ में (विपक्षी दल एवं सरकारें) नकारात्मक मुद्दों को आक्रमकता से उठाना।




भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक, 28 जनवरी 2016




केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक (date)



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठकें विभाग

- सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं बैठकों के बारे में उनका उद्देश्य (इससे हम क्या निर्माण करना चाहते हैं) इस विषय में सांझी सोच निर्माण करना।
- इस सांझी सोच के अनुसार कार्यक्रम की रूपरेखा, विषय-वस्तु और कार्यक्रम की व्यवस्था निर्माण करना।
- कार्यक्रम का पूरा संचालन और फॉलो अप करना।
- राष्ट्रीय कार्यक्रम के संयोजन के बारे में लंबे समय के लिए उपयोगी हो, इस तरीके के प्रोटोकॉल तैयार करना।
- हर बैठक तथा कार्यक्रम के बाद संयोजन प्रक्रिया में जो कमियां रहीं, उनकी समीक्षा करना तथा जो अच्छाईयां रहीं उनका अनुकरण हो, यह सुनिश्चित करना। कुल मिलाकर हर किसी कार्यक्रम / बैठक के बाद उनकी उत्पादकता (Productivity) के बारे में समीक्षा करवाना।




# डॉक्यूमेंटेशन एवं ग्रंथालय विभाग

- सभी पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों का वृत्त और बैठकों के Minutes सही समय बनाने की पद्धति स्थापित करना।
- बैठकों के पश्चात निर्णयों के आधार पर एक्शन टेकेन रिपोर्ट जैसी व्यवस्था निर्माण करना।
- पार्टी के विभिन्न प्रस्ताव तथा प्रेस नोट और अन्य दस्तावेज-भाषा और व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध और दोष रहित पद्धति से निर्मित हों यह सुनिश्चित करना।
- पार्टी मुख्यालय स्थित ग्रंथालय की विद्यमान व्यवस्था की समीक्षा करना।
- मंडल से लेकर जिले और प्रदेश तक जितने सारे नए, अभिनव दृष्टि के (Innovative) कार्यक्रम होते हैं उनके समग्र Documentation और उसे स्वतंत्र कक्ष में सुरक्षित रखने की व्यवस्था करना।
- फोटो सेक्शन - पार्टी के विभिन्न स्तरों के सभी नेताओं के छाया चित्रों तथा कार्यक्रमों के छाया चित्रों को संकलित करना और डिजिटाइज करते हुए सुरक्षित रखना।
- ग्रंथालय को जीवंत बनाते हुए अधिकारिक कार्यकर्ता उसके सदस्य बनें तथा उसका उपयोग करें, यह सुनिश्चित करना।
- पार्टी ग्रंथालय के ग्रंथ संग्रह को अपडेट करना और निरंतर अपडेशन की व्यवस्था बनाना।
- ग्रंथालय के अंदर पार्टी का अभिलेख विभाग (Record section) तैयार करने की योजना बनाना और उसे लागू करवाना।
- पार्टी के पुराने दस्तावेजों का डिजिटाईजेशन करवाना तथा डिजिटाईजेशन की एक स्थाई व्यवस्था बनवाना।

# सहयोग आपदीय राहत व सेवाएं विभाग

- पार्टी मुख्यालय पर मंत्रियों की जनता तथा कार्यकर्ता को नियमित रूप से मिलने की व्यवस्था बनाना।
- इस व्यवस्था की नित्य समीक्षा करते रहना और उसमें अगर खामियां हैं तो उन्हें दूर करना।
- ऐसी ही व्यवस्था, पार्टी जहां-जहां सत्ता में हैं, उन सभी प्रदेशों के प्रदेश कार्यालयों पर निर्मित हो, यह सुनिश्चित करना।
- इस व्यवस्था का रिकॉर्ड रखना तथा इस व्यवस्था के जरिए कार्यकर्ताओं के मसलों का निपटारा हो रहा है यह सुनिश्चित करना।
- देश में समय-समय पर आने वाली प्राकृतिक आपदाओं में पीड़ित समुदायों को सहायता देने हेतु राहत सामग्री का संकलन तथा उसे उन समुदायों तक पहुंचाने की व्यवस्था करवाना।




कार्यकर्ताओं और भाजपा जन प्रतिनिधियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सहायता करने की अपील, 24 अगस्त 2016

# अध्यक्षीय कार्यालय, प्रवास एवं कार्यक्रम विभाग

- अध्यक्षीय प्रवासों की अग्रिम योजना।
- अध्यक्षीय प्रवास के लिए कुछ विशिष्ट प्रोटोकॉल स्थापित करना (जैसे-निवास व्यवस्था, प्रदेश कार्यालय को भेंट, पुराने कार्यकर्ताओं से मुलाकात, इत्यादि)।
- अध्यक्षीय प्रवास में अध्यक्ष जी के साथ कोई एक पदाधिकारी (जो प्रदेश का प्रभारी नहीं है) का जाना और उसके द्वारा प्रवास की व्यवस्था देखा जाना, इत्यादि बातों को स्थापित करना।
- अध्यक्षीय प्रवास का वृत्त संकलन, डॉक्यूमेंटेशन तथा किसी छोटे समूह में उसकी समीक्षा-इसकी व्यवस्था करना। अध्यक्षीय कार्यक्रमों के लिए उचित Protocols बनवाना तथा उन्हें लागू करवाना।
- अध्यक्षीय कार्यक्रमों में विविधता रहे, समाज के हर वर्ग के प्रमुख व्यक्तियों के साथ अध्यक्ष का संवाद स्थापित हो, इसकी चिंता करना।



पं. दीनदयाल उपाध्याय धाम, फरह, मथुरा, 28 सितंबर 2016



आगमन पर स्वागत, भुबनेश्वर, ओडिशा , 20 जनवरी 2017



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# प्रचार-साहित्य निर्माण विभाग

- समय-समय पर पार्टी के द्वारा हाथ लिए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए उचित साहित्य का विचार करना तथा उसके निर्माण और वितरण की व्यवस्था करना।
- पार्टी साहित्य का निर्माण दोष रहित हो और वितरण अंतिम पड़ाव तक विशिष्ट समय सीमा के अंदर हो, उसके लिए आवश्यक यंत्रणा खड़ी करना।

# ट्रस्ट समन्वय विभाग

- पार्टी से संबंधित विभिन्न न्यासों का विधिवत संचालन।
- इन न्यासों के हिसाब, Audit तथा अन्य प्रशासनिक विषयों की सही व्यवस्था तथा निरंतर निगरानी।

**प्रदेशों में:**

- पार्टी द्वारा संचालित न्यासी संस्थाओं का संचालन सुचारू रूप से हो, यह सुनिश्चित करना।
- इन सभी संस्थाओं के लिए निश्चित उद्देश्य, कार्य की रूप-रेखा तथा समीक्षा की प्रणाली विकसित करना।
- सभी न्यासी संस्थाओं के मनुष्य संसाधन तथा वित्तीय संसाधनों की चिंता करना।
- इन सभी संस्थाओं के द्वारा स्थापित नियम-कानूनों का पालन हो रहा है, यह सुनिश्चित करना।



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# चुनाव प्रबंधन विभाग

- सभी राज्य और राष्ट्रीय चुनावों के लिए आवश्यक केंद्रीय प्रबंधन रचना खड़ी करना जिसमें नेताओं के प्रवास, प्रचार सामग्री निर्माण और वितरण तथा अनुशांगिक कार्य इत्यादि का समावेश है।
- चुनाव संचालन के समय या उसके पश्चात पार्टी कार्यकर्ताओं पर दायर होने वाले मुकदमे / Cases के विषय में रणनीति बनाना और उसपर अमल करना।

# चुनाव आयोग संपर्क विभाग

- चुनाव आयोग के साथ नित्य संपर्क।
- चुनाव आयोग द्वारा आयोजित बैठकों में पार्टी का प्रतिनिधित्व।
- चुनाव आयोग के समक्ष प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से शिकायत/भूमिका इत्यादि दर्ज कराना।
- चुनाव आयोग के साथ औपचारिक पत्राचार और संदर्भ साहित्य तथा अन्य दस्तावेजों का संग्रह।
- चुनाव सुधार संबंधी भूमिका के बारे में पार्टी नेतृत्व से निर्देश लेना और उसी भूमिका को रखना।




भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से संबंधित मुद्दों पर मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपा, 29 मार्च 2016



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# कानूनी और विधिक विषय विभाग

- राष्ट्रीय पार्टी का विभिन्न न्यायलयों में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना।
- पार्टी के ऊपर लगाए गए मुकदमों और अन्य प्रकरणों का अध्ययन तथा भूमिका की सुनिश्चिति।
- पार्टी की सोच के अनुसार जिन विषयों को पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन के माध्यम से उठाया जा सकता है, उनको चिन्हित करना तथा उनके बारे में सक्रिय होना।
- पार्टी तथा विचारधारा के कार्यकर्ताओं पर दाखिल होने वाले केस के बारे में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना।





/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# पार्टी पत्रिकाएं तथा प्रकाशन विभाग

- पार्टी के ऑफीशियल मुखपत्र (कमल सन्देश) के निर्माण की पूरी प्रक्रिया का संचालन (Content, Production, Distribution, Finances and Overall Management) ।

- पार्टी की पत्रिकाओं के समय-समय पर संचालन की समीक्षा।

- पार्टी की प्रदेश इकाइयों द्वारा संचालित पत्रिकाओं के Content की समीक्षा उनमें समानता लाने के प्रयास तथा उनका पार्टी के अंदर और बाहर प्रभाव बढ़े इसकी चिंता।

**प्रदेशों में:-**

- देश में इस समय विभिन्न प्रदेशों में मिलाकर 22 पार्टी पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है और लगभग 8 लाख प्रतियां वितरित हो रही हैं आने वाले वर्ष 2016 में हमें इस संख्या में तिगुनी वृद्धि करनी है।

- नई योजना के तहत हर प्रादेशिक पार्टी पत्रिका के हर अंक में केंद्रीय योजना से निर्मित 5 पृष्ठ, प्रादेशिक योजना में निर्मित 5 पृष्ठ और प्रेरणादाई साहित्य के 5 पृष्ठ-इस तरह से 15 पृष्ठों की सामग्री समान रहेगी।

- इसी के साथ हर प्रदेश इकाई के द्वारा तीन से पांच पुस्तक/पुस्तिकाएं प्रकाशित करना आवश्यक होगा।




भाजपा की हिमाचल इकाई की पत्रिका 'दीप कमल संदेश' का धर्मशाला में लोकार्पण, 01 मई 2015

- इन पुस्तक/पुस्तिकाओं के विषय पार्टी की सैद्धांतिक भूमिका के बारे में स्पष्टता, पार्टी के ओजस्वी इतिहास का आंकलन और उससे भावनिक जुड़ाव और पार्टी के नेताओं के प्रेरणादाई कार्य का विवेचन, इत्यादि रहेंगे।

# आईटी, वेबसाइट और सोशल मीडिया प्रबंधन विभाग

- राष्ट्रीय पार्टी की वेबसाइट, फेसबुक तथा फेसबुक पेज के कंटेंट और प्रेजेंटेशन तथा अपडेशन की समग्र चिंता।
- पार्टी का सोशल मीडिया में प्रभाव बना रहे, इसकी चिंता और आवश्यक कदम।
- पार्टी के प्रचार के लिए तथा पार्टी संबंधित गलत-प्रचार रोकने के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना।
- पार्टी के विभिन्न मोर्चों, विभागों तथा वरिष्ठ नेतृत्व; इन सभी की गतिविधियों का वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार।
- पार्टी की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया माध्यमों से पार्टी के साथ जुडने वाले / संवाद करने वाले सभी नागरिकों को रेस्पोंस देने की व्यवस्था।
- पार्टी की प्रदेश इकाईयों की वेबसाइट के संचालन के लिए Protocol सुनिश्चित करना तथा उनके Content और Presentation पर समय-समय पर समीक्षा और आवश्यक समन्वय।
- पार्टी के नेताओं के लिए सोशल मीडिया संबंधी आवश्यक परामर्श सहयोग की व्यवस्था तथा फॉलोवर्स की संख्या बढ़ाने से लेकर अन्य प्रचार का काम संगठन के माध्यम से करवाना।
- पार्टी की सभी वेबसाइट्स तथा सभी सोशल मीडिया प्लैटफार्म्स पर कुछ गलत बात न प्रकाशित हो, यह सुनिश्चित करना तथा इन सभी को हैकिंग से रोकना।



सोशल मीडिया वॉलेन्टिर्स मीट, लखनऊ, 03 सितंबर 2016



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# विदेश सम्पर्क विभाग

- ओवरसीज़ फ्रेंडस ऑफ बीजेपी की विभिन्न इकाईयों का सुचारू रूप से संचालन, उसके लिए आवश्यक  नियम इत्यादि विकसित करना।
- पार्टी, ओवरसीज़ फ्रेंडस ऑफ बीजेपी तथा सरकार का विदेश विभाग इन तीनों में आवश्यक समन्वय बनाना।
- पार्टी का विभिन्न देशों के राजनयिकों के साथ संवाद और संपर्क बढ़ाना, पार्टी की सही छवि उन तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना।
- विभिन्न दूतावासों के आवश्यकता के अनुसार पार्टी का प्रतिनिधित्व करना।
- अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए उपयोगी पार्टी साहित्य समय-समय पर तैयार करना।
- अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया के साथ सम्पर्क विकसित करना।
- अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के सम्मुख पार्टी की सही छवि प्रस्तुत हो। यह सुनिश्चित करना।




- ओवरसीज़ फ्रेंडस ऑफ बीजेपी के कार्यक्रम तथा अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ होने वाली चर्चा तथा वार्तालापों इत्यादि का डॉक्यूमेंटेशन।

## प्रदेशों में:-

- मूलतः प्रदेश के रहने वाले और अभी विदेशों में बसे अनिवासी प्रदेशवासियों के साथ (जैसे non resident Andhrites, Bengalis, Gujratis) निरंतर संपर्क की व्यवस्था।
- अनिवासी-प्रदेशवासियों की सहभागिता के लिए आवश्यक व्यवस्था खड़ी करना तथा उस पर अमल करना।

# आजीवन सहयोग निधि विभाग

- आजीवन सहयोग निधि पार्टी के द्वारा राजनीतिक दलों के संचालन में साधन-शुचिता के आग्रह का परिचायक है।
- हर इकाई में पार्टी का संचालन, पार्टी के कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जुटे, धन के आधार पर हो, यह सुनिश्चित करने का उद्देश्य ।
- मंडल से लेकर प्रदेश तक हर इकाई का एक लक्ष्य सुनिश्चित करना।
- लक्ष्य के अनुसार विभिन्न व्यक्तियों को दायित्व देना तथा उनकी जवाबदेही सुनिश्चित करना।
- लक्ष्य निर्माण करते समय इकाई, मंडल और जिले के स्तर पर यह सोच रहे कि अपने वाले पांच सालों में संग्रहित आजीवन सहयोग निधि न्यूनतम इतना हो कि उसके ब्याज पर उस इकाई के काम के लिए आवश्यक निधि उपलब्ध हो पाए।



# पार्टी के विभिन्न विभागों की कार्ययोजना का पुनर्गठन

| केंद्रीय प्रकल्प | |
|---|---|
| 1 | जिला कार्यालय निर्माण प्रकल्प |
| 2 | कार्यालय आधुनिकीकरण प्रकल्प |
| 3 | ग्रंथालय निर्माण प्रकल्प |
| 4 | ई-ग्रंथालय प्रकल्प |
| 5 | स्वच्छता अभियान प्रकल्प |
| 6 | बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ प्रकल्प |
| 7 | नमामि गंगे प्रकल्प |
| 8 | राष्ट्रीय सदस्यता अभियान (प्रकल्प) |
| 9 | राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान (प्रकल्प) |
| 10 | राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान (प्रकल्प) |



नमामि गंगे प्रकल्प की समीक्षा बैठक, भाजपा मुख्यालय, नई दिल्ली, 29 अप्रैल 2015



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

## केंद्रीय कार्यालय के सुचारु संचालन के लिए बनी विभिन्न योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति के लिए उन्हें प्रकल्प का रूप दिया गया ।

# जिला कार्यालय निर्माण (प्रकल्प)

- आज यह वास्तविकता है कि देश के 78 प्रतिशत जिलों में पार्टी का अपना भू-स्वामित्व वाला कार्यालय नहीं है।
- हर प्रशासनिक जिले में पार्टी के स्वामित्व का एक कार्यालय हो।
- शहरी, ग्रामीण तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए अलग-अलग मॉडल बनाए जाएंगे और उसी के अनुसार निर्माण होगा।
- सभी जिला कार्यालयों के निर्माण के लिए केंद्रीय व्यवस्था से कुछ अनुदान दिया जाएगा। जहां भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है, वहां तय शुदा राशि से केवल 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा।
- इस अनुदान से होने वाले व्यय के लिए अलग खाता खोला जाए और उसी में से व्यय किया जाए।
- 550 जिलों में से 287 जिलों में कार्यालय के लिए भूमि खरीदने का काम पूरा हो चुका है।
- नए और पुराने सभी जिला कार्यालयों में तयशुदा सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है और उनमें एक टीम बने जो कार्य की प्रगति की निरंतर देख-रेख करें।

# कार्यालय आधुनिकीकरण प्रकल्प

- केंद्र तथा सभी प्रदेश कार्यालयों में समान व्यवस्थाओं का निर्माण तथा समान पद्धति से उनका संचालन हो। समान व्यवस्थाओं के अंदर निम्न बातों का समावेश है।
  - Video conferencing
  - Audio bridge
  - Fax
  - Email
  - Xerox
  - Audio – video recording and recording keeping



प्रस्तावित नए केंद्रीय मुख्यालय निर्माण प्रगति का जायजा लेते हुए, नई दिल्ली, 21 मार्च 2017

- Video conferencing तथा Audio bridge के माध्यम से होने वाली बैठकों की Frequency तथा उपयोगिता के तौर तरीकों के लिए Protocols स्थापित करवाना।
- व्यवस्था इस तरीके से हो कि तहसील स्तर तक हर कार्यक्रम के पश्चात उसकी Structured report 24 घंटे में प्रदेश और ऊपर के स्तर तक भेजी जा सके।
- सभी आधुनिक सुविधाओं की मदद से 1950 से 2015 तक के कार्यकाल के लिए उस इकाई के इतिहास का संकलन एवं लेखन जिसमें पुराने कार्यकर्ताओं के द्वारा स्मृति संकलन, फोटो तथा अन्य दस्तावेजों का संकलन।
- पार्टी के स्थानीय इतिहास संकलन/लेखन का काम किसी ऐसे कार्यकर्ता को दिया जाए जो प्रामाणिकता से कार्य को Own करते हुए उसे निभाएं।
- धीरे-धीरे स्थितियां ऐसी बनें कि अपनी गतिविधियों के माध्यम से पार्टी जो इतिहास रच रही है, वह लगभग उसी समय डॉक्यूमेंट भी हो रहा हो।

# ग्रंथालय निर्माण प्रकल्प

**प्रदेशों में**

- हर प्रदेश और जिला कार्यालय में एक ग्रंथालय का निर्माण करना आवश्यक है।
- इन ग्रंथालयों में पार्टी का इतिहास, नेताओं के चरित्र, अन्य विचारधाराओं व राजनीतिक पार्टियों का साहित्य, देश और प्रदेश का इतिहास तथा गवर्नेंस संबंधी पुस्तकें मुख्य रूप से होंगी।
- ग्रंथ संग्रह में से 60 प्रतिशत पुस्तकें केंद्र के जारी सूची में से होंगी शेष 40 प्रतिशत स्थानीय आवश्यकता के अनुसार होंगी।
- ग्रंथालयों की सदस्यता तथा किताबें पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ाने की दृष्टि से नियमित प्रयास ग्रंथालय के काम का अभिन्न हिस्सा रहेगा।

## ई-ग्रंथालय प्रकल्प

ई-ग्रंथालय का गठन कर दिया गया है और ई-ग्रंथालय में 998 पुस्तकें ई-बुक्स के प्रारूप में उपलब्ध हैं।



भाजपा केंद्रीय कार्यालय में ग्रंथालय का उद्घाटन करते हुए, 05 फरवरी 2016



भाजपा मुख्यालय में नए ग्रंथालय भवन का उद्घाटन, नई दिल्ली, 05 फरवरी 2016

# स्वच्छता अभियान प्रकल्प

- यह एक अति महत्व का और मानवीय दृष्टि से हाथ लिया गया प्रकल्प है।
- इस प्रकल्प के तहत पुराने, सिर पर मैला ढ़ोने की पद्धति वाले शौचालय समाप्त हों और इस काम में जुटे व्यक्तियों को अन्य आजीविका उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करना है।
- इसके तहत हर प्रदेश में इस पद्धति के शौचालय कहां-कहां हैं इसकी सूची वितरित की गई है।
- इस सूची के आधार पर ऐसे शौचालयों को आधुनिक शौचालयों में परिवर्तित करना और मैला ढ़ोने की मजबूरी से संबंधित व्यक्तियों को मुक्त कर उन्हें सम्मानजनक आजीविका के साधन देना, यह हमारा काम है।
- दिसंबर 2016 तक हमें जिलावार परिणाम देने वाले प्रयासों से स्वयं को जोड़ते हुए यह काम पूर्ण करना है।


सेवा दिवस, हैदराबाद, 17 सितंबर 2016


स्वच्छ भारत अभियान में योगदान, गोलमार्केट, नई दिल्ली, 25 दिसंबर 2014


स्वच्छ भारत अभियान, मुंबई, 03 अक्टूबर 2014



/AmitShah.Official /AmitShah /AmitShahOfficial /AmitShah.co.in

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ प्रकल्प

यह कार्यक्रम मात्र सरकारी कार्यक्रम नहीं है, यह पार्टी के लिए भी आग्रह का विषय है। 80 प्रतिशत मंडलों में इकाईयों का गठन किया जा चुका है और 65 प्रतिशत मंडलों में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

इस प्रकल्प के अंतर्गत किए जाने वाले कार्य

- प्रचार
- सरकारी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जन-जागरण और अन्य प्रयास ।
- बेटियों की भ्रूण हत्या पर रोक तथा स्कूलों में बेटियों का ड्रॉप-आउट रेट कम हो, इस दृष्टि से सभी तरह के प्रयास हमें करने हैं।
- जहां बेटियों के ड्रॉप-आउट होने की संभावना है, उन परिवारों के लिए महिला कार्यकर्ता की अभिभावक के रूप में नियुक्ति करते हुए ड्रॉप-आउट न हो, इसके लिए प्रयास करना।
- पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का इस प्रकल्प में सहभागी होना आवश्यक है, फिर भी महिला कार्यकर्ता की एक समिति विभिन्न इकाईयों में इसकी निगरानी करें।



नारी सम्मान यात्रा को झंडा दिखाकर रवाना करते हुए, भाजपा मुख्यालय, नई दिल्ली, 17 जून 2015



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रकल्प की समीक्षा बैठक, भाजपा मुख्यालय, नई दिल्ली, 29 अप्रैल 2015

# नमामि गंगे प्रकल्प

- यह प्रकल्प गंगा प्रदेश में गंगा नदी को शुद्ध रखने के लिए है। इस संबंध में सभी प्रदेशों में सफाई और वृक्षारोपण का कार्य शुरू हो चुका है।

- मगर जहां गंगा नहीं है, वहां संबंधित इकाईयां अपने गांव-शहर की एक नदी को चुनते हुए उसे मैला होने से बचाने के लिए काम करें।

- इसके तहत नदी जल की स्वच्छता बरकरार रखने के लिए एक योजना बनाते हुए उस पर अमल करने की कल्पना है।

- इसके लिए भी ठीक योजना बनाना और उस पर निश्चित समय-पत्रक के अनुसार और दायित्व तय करते हुए काम करना अपेक्षित है।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ गंगा आरती करते हुए, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, 18 मई 2014




- राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रकल्प
- राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान प्रकल्प
- राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान प्रकल्प










विनायक दामोदर सावरकर
धन्यवाद